भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1896**

उत्तर देने की तारीख : 11.02.2026

**उम्मीद पोर्टल का मूल्यांकन, प्रदर्शन और सुदृढ़ीकरण**

**1896. श्री बलभद्र माझी:**

**श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ओडिशा के नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के विशेष संदर्भ में छात्रवृत्ति वितरण में पारदर्शिता, दक्षता और समयबद्धता में सुधार लाने के लिए एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता एवं विकास (यूएमईईडी-उम्मीद) पोर्टल के प्रभाव का मूल्यांकन करने हेतु कोई आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसे आकलन के लिए उपयोग किए गए प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) क्या हैं और विशेषकर नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए उपयोग किए गए संकेतक एवं निष्कर्ष क्या हैं;

(ग) नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के विशेष संदर्भ में मामलों के प्रसंस्करण समय और लंबित मामलों में कमी संबंधी आकलन से प्राप्त निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त निष्कर्षों के आधार पर कोई सुधारात्मक या उपचारात्मक उपाय किए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो ऐसे उपायों का ब्यौरा क्या है और ओडिशा के नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में किस प्रकार से क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क): एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास (UMEED) अधिनियम, 1995 की धारा 3 (टक) के अनुसार एक वैधानिक पोर्टल, अर्थात् UMEED केंद्रीय पोर्टल–2025, विकसित किया गया है, जिसे मंत्रालय द्वारा दिनांक 06.06.2025 को मौजूदा वक्फ तथा वक्फ को समर्पित संपत्तियों के विवरण अपलोड करने के लिए शुरू किया है। जिस पर पंजीकरण, सत्यापन, कलक्टर द्वारा सर्वेक्षण, म्यूटेशन, वार्षिक खाता अपडेट, ऑडिट, लीजिंग और निगरानी सहित वक्फ संपत्तियों से संबंधित संपूर्ण प्रक्रियाएं भी स्वचालित होती है, जिससे पारदर्शिता, दक्षता, प्रभावी प्रबंधन तथा त्वरित शिकायत निवारण सुनिश्चित होता है। हालांकि, उक्त पोर्टल में छात्रवृत्तियों के वितरण के लिए कोई प्रावधान नहीं है।

(ख) से (ङ): प्रश्न नहीं उठता।

*****